मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-197
23/06/2019

मुख्यमंत्री ने दिनेश पाठक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 23 जून 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाजवादी नेता, बेगूसराय जदयू के जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं बेगूसराय जिला के बखरी प्रखण्ड के पूर्व जदयू अध्यक्ष दिनेश पाठक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक समाजवादी नेता थे । 1974 के आन्दोलन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। समता पार्टी के गठन के समय में भी वे हमारे साथ थे। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******